जबलपुर | गुरुवार | 28 अगस्त 2025 | वर्ष 76 | अंक 204 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण



5 ऑप्रेशन महादेव के बहादुरों का सम्मान



6 गणेश चतुर्थी स्वतंत्रता का जन आंदोलन



7 भारत की ईवी क्रांति ने पकड़ी रफ्तार



8 अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास

# भूस्खलन से 30 श्रद्धालुओं की मौत

58 ट्रेनें रद्द ,64 ट्रेनों को बीच में रोका | 1910 के बाद 24 घंटों में जम्मू में 380 मिमी बारिश दर्ज | 5000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया

**जम्मू/श्रीनगर, 27 अगस्त. जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने हालात भयावह बना दिए हैं. मंगलवार दोपहर माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास भीषण भूस्खलन हुआ जिसमें बुधवार शाम तक मौतों का आंकड़ा 30 हो गया. अधिकारियों ने बताया कि मलबे से 30 शव बरामद किए गए हैं, जबकि कई लोग घायल हुए हैं. हादसे के बाद यात्रा तत्काल रोक दी गई है. खराब मौसम के कारण आज जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूल और कॉलेज बंद रखने का आदेश जारी किया गया है.**



बुधवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू में संवाददाताओं से कहा, लगभग 29 से 30 लोगों ने अपनी जान गंवा दी है. जम्मू, उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़ और चिनाब बेल्ट के निचले इलाकों में स्थिति बेहद खराब है. उन्होंने सवाल उठाया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद सुरक्षा उपाय क्यों नहीं किए गए. वहीं, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी से फोन पर बात कर स्थिति की जानकारी दी और सहयोग के आश्वासन के लिए आभार जताया.

इधर, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि निचले इलाकों से 5,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है. उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी और संचार व्यवस्था तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए. वहीं, श्रीनगर में झेलम नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाने के बाद प्रशासन ने बाढ़ की चेतावनी जारी की.

### मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन के कारण हुई जान-माल की हानि दुखद है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. मैं सभी की सुरक्षा और कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना करता हूं. अधिकारियों का कहना है कि पिछले 24 घंटों में जम्मू में 380 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1910 के बाद से अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है.

एनडीआरएफ के डीआईजी मोहसेन शाहेदी ने बताया कि 30 लोगों की मौत और 15 के घायल होने की पुष्टि हुई है. उन्होंने कहा कि सेना, पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार बचाव अभियान चला रही हैं. दिल्ली और लुधियाना से अतिरिक्त टीमें भी भेजी गई हैं. भारी बारिश ने यातायात और संचार व्यवस्था को भी बुरी तरह प्रभावित किया है. जम्मू और कटरा से आने-जाने वाली 58 ट्रेनें रद्द कर दी गईं, जबकि 64 ट्रेनों को बीच मार्ग में ही रोकना पड़ा.


### 30 श्रद्धालुओं की मौत दुखद : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने माता वैष्णोदेवी मार्ग पर भारी बारिश तथा भूस्खलन के कारण 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा जम्मू-कश्मीर के माता वैष्णो देवी मार्ग पर भारी बारिश तथा भूस्खलन से 30 लोगों की मृत्यु का समाचार बेहद दु:खद है.

## झारखंड में दो मंत्रियों को बम से उड़ाने की धमकी

**रांची, 27 अगस्त ( वार्ता ).** झारखंड में सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट से राज्य में हड़कंप मच गया है. वीडियो में एक युवक मंत्री सुदिव्य कुमार और मंत्री डॉ इरफान अंसारी को बम से उड़ाने की धमकी दे रहा है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वीडियो में एक व्यक्ति सामने के युवक से सवाल कर रहा है, जिसमें युवक खुद को गिरिडीह निवासी अंकित कुमार मिश्रा बताते हुए कहता हैं कि 24 घंटे के अंदर दोनों मंत्री को बम से उड़ा देगा. वीडियो में युवक कहता हैं कि गिरिडीह में कुछ गुंडों ने उसे धर्म परिवर्तन करने की धमकी दी है. साथ ही जमीन से जुड़ा मामला भी है.इसी मामले में 20-25 लड़के आए और उसके साथ मारपीट की. उसके मुंह में पिस्तौल डाल दी. युवका का कहना है कि मारपीट करने वाले लोग इस मामले की माफी मांग लें, नहीं तो वह कांड कर देगा. युवक का यह भी कहना है कि उसकी बड़े गैंगस्टर से पहचान है. वीडियो में बिहार के जमुई का जिक्र हैं.

## एक नजर में



### गुरुग्राम में 5 शार्प शूटर गिरफ्तार

**गुरुग्राम.** बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर हमले की साजिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया. गुरुग्राम एसटीएफ और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को पटौदी रोड के वजीरपुर इलाके में मुठभेड़ के बाद पांच शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने बताया कि ये शूटर विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर रोहित सरधानिया और दीपक नांदल के लिए काम करते थे. एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने बिना नंबर की इनोवा को रोकने की कोशिश की तो उसमें सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में चार शूटरों के पैर में गोली लगी, जिन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया. मुठभेड़ के दौरान किसी पुलिसकर्मी को गंभीर चोट नहीं आई.

### 25 करोड़ की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया.** बिहार के पश्चिमी चम्पारण जिले के सीमावर्ती बल्थर थाना क्षेत्र के सोनरा टोला के समीप नेपाल से तस्करी कर भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे दो तस्करों को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं बल्थर पुलिस ने आपसी सहयोग से गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 25 करोड़ रूपये का चरस बरामद किया गया है. एसएसबी के सहायक सेनानायक अविनाश पटेल ने बताया कि सूत्रों से सूचना मिली कि एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति नेपाल से भारी मात्रा में चरस की खेप लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गए हैं और उसे पास के शहर बेतिया ले जाने के फिराक में है. सूचना पर सक्रिय एसएसबी ने तुरंत इसकी सूचना बलथर पुलिस को दी और संयुक्त कार्रवाई करते हुए संभावित जगहों पर घेराबंदी की.

### 81 लाख के 30 नक्सली का आत्मसमर्पण

**रायपुर/बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिला मुख्यालय में बुधवार को 81 लाख रुपए के 20 इनामी समेत 30 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया. छत्तीसगढ़ पुलिस के अभियान पुनर्वास से पुनर्जीवन पर बुधवार को फिर नक्सलियों ने भरोसा जताया. एक नक्सली ने अपनी पत्नी के साथ आत्मसमर्पण किया है. सरेंडर करने वालों में पीएलजीए का एक मेंबर भी शामिल है. चेतना नाट्य मंच के दो,जनताना सरकार, एरिया कमेटी मेंबर समेत कुल 30 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है. सभी तीस नक्सलियों के ईनाम राशि को जोड़े तो यह राशि 81 लाख होती है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी एक्स पर टवीट कर इस खबर की पुष्टि की. उन्होंने कहा,पूना मारगेम से शांति और विकास की ओर अग्रसर है.

## राष्ट्रमंडल खेल 2030 की बोली प्रस्तुत करने को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली, 27 अगस्त ( वार्ता. ) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. साथ ही मेजबानी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने को भी मंजूरी दे दी.**

एचसीए से संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्राधिकरणों से आवश्यक गारंटी और बोली स्वीकार होने की स्थिति में गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता की मंजूरी भी ली जाएगी. 72 देशों के एथलीट राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेंगे. इसमें बड़ी संख्या में एथलीट, कोच, तकनीकी अधिकारी, पर्यटक, मीडियाकर्मी आदि शामिल होंगे जो खेलों के दौरान भारत आएंगे, जिससे स्थानीय व्यवसायों को लाभ होगा और राजस्व प्राप्त होगा. अहमदाबाद एक आदर्श मेजबान शहर है जो विश्व स्तरीय स्टेडियम, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं और एक उत्साही खेल संस्कृति प्रदान करता है. दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल की सफलतापूर्वक मेजबानी करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है.

## ग्रामीणों ने बिहार के मंत्री और विधायक को खदेड़ा

**राजगीर.** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा के विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया पर बुधवार को उनके गृह क्षेत्र में, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गृह जिला भी है, गुस्साये ग्रामीणों ने हमला किया और उनका पीछा करते हुए खदेड़ दिया. मंत्री और विधायक नौ दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों से मिलने नालंदा जिले के मलमा गाँव गए थे.जब प्रशासन के उदासीन रवैये और मुआवज़ा न मिलने से नाराज़ ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से लैस होकर मंत्री और विधायक का पीछा किया और उन्हें लगभग एक किलोमीटर तक भागने पर मजबूर कर दिया.

## भारत पर ट्रंप का 25% अतिरिक्त टैरिफ लागू

86 अरब डालर भारत से होता था माल निर्यात

50 % टैरिफ होने से प्रतिस्पर्धा हुई कठिन

**नयी दिल्ली, 27 अगस्त ( वार्ता ). अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क बुधवार से लागू हो गया है जिससे वहां के बाजार में खास कर भारत के इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़ा और रसायन क्षेत्र के लिए चुनौती बढ़ गयी.**



रुस से भारत में कच्चे तेल के आयात को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए लगाया गया यह शुल्क जो इसी महीने की शुरुआत में लगाये गये 25 प्रतिशत आयात शुल्क के अलावा है. वहीं,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया है कि सरकार अमेरिका आयात शुल्क दबाव में नहीं आयेगी और किसी भी कीमत पर अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ समझौता नहीं करेगी. माना जा रहा है कि ट्रंप भारत पर अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने का दबाव बना रहे हैं.

अमेरिका की सरकार ने सोमवार को 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाने संबंधी नोटिस जारी किया था. यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 9.31 बजे प्रभावी हो गया है. इससे संबंधित आदेश पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगस्त के पहले सप्ताह में हस्ताक्षर किये थे. भारतीय निर्यात माल पर अमेरिका में 25 प्रतिशत की ऊंची दर से कर लगाने का पहला निर्णय सात अगस्त से प्रभावी हुआ है. वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को भारत से होने वाला माल निर्यात सालना आधार पर 11.61 प्रतिशत बढ़कर 86.51अरब डॉलर था.

भारतीय उत्पादों पर बुधवार से अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क होने से भारतीय कंपनियों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा दूसरे देशों के मुकाबले कठिन हो गयी है. स्मार्टफोन और दवाएं उन चुनिंदा उत्पादों में शामिल हैं जिन्हें अतिरिक्त उत्पाद शुल्क से छूट दी गयी है.

## उज्जैन की धरोहर विश्व को दे रही दिशा : शेखावत

नवभारत न्यूज

**उज्जैन, 28 अगस्त. केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को कहा कि मध्यप्रदेश के उज्जैन की आध्यात्मिक धरोहर न केवल भारत की सांस्कृतिक धारा को समृद्ध कर रही है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी आध्यात्मिक पर्यटन को नई दिशा दे रही है.**



शेखावत और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहां दूसरे ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव रूहमैंटिक के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पर्यटन नीति में हमने देश की सांस्कृतिक ताकत बढ़ाने वाले धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केन्द्रों के विकास के लिए बड़े प्रावधान किए हैं. इस तरह के आयोजन भारत की संस्कृति और पर्यटन को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है. उज्जैन में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है. पहले जितने लोग साल भर में आते थे, उतने अब एक से डेढ़ हफ्ते में आ जाते हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पर्यटन संभावनाएं विकसित करने के लिए राज्यों के बीच प्रतियोगिता चल रही है.

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन देश की आत्मा है. देश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र है और इस ऊर्जा का मूल आधार स्वयं बाबा महाकाल हैं. उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल सम्पूर्ण चराचर जगत को गतिमान रखने वाली नैसर्गिक ऊर्जा के केंद्र हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन काल गणना की नगरी है. आज भारत का समय है और पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है.

## ईसी जांच करेगा या एफिडेविट मांगेगा

**नयी दिल्ली, 27 अगस्त ( वार्ता ). चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाने के कारण उनसे एफिडेविट की मांग से घिरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आयोग को बुधवार कटघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया है कि गुजरात अनाम पार्टियों ने हज़ारों करोड रुपए का चंदा जुटाया है तो क्या उनसे भी शपथ पत्र मांगा जाएगा.**



4300 करोड़ के चंदे पर राहुल का हमला

क्या अनाम पार्टियों से भी शपथ पत्र मांगा जाएगा

गांधी ने कहा कि जिन पार्टियों को भारी रकम चंदे के रूप में मिली है उनको कोई जानता नहीं है और न ही उन्होंने ज्यादा चुनाव लड़े हैं. इन पार्टियों को जितना चंदा मिला है उसका कहीं कोई हिसाब किताब नहीं है. उन्होंने कहा कि इन दलों से भी चुनाव आयोग को शपथ पत्र मांगना चाहिए. उन्होंने कहा गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना- लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला. इन पार्टियों ने बहुत ही कम मौकों पर चुनाव लड़ा है, या उन पर खर्च किया है.


कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि इन अनाम पार्टियों के खातों में ये हजारों करोड़ रुपये आए कहां से, इन पार्टियों को चला कौन रहा है और चंदे का जो पैसा इन पार्टियों की खाते में गया वह पैसा कहां है उन्होंने चुनाव आयोग से सवाल किया, क्या चुनाव आयोग जांच करेगा या फिर यहां भी पहले एफिडेविट मांगेगा या फिर कानून ही बदल देगा, ताकि ये डेटा भी छिपाया जा सके.

सम्मेलन | महू में पहले त्रि-सेवा सम्मेलन रण संवाद को रक्षामंत्री ने किया संबोधित

## यह नया इतिहास लिखने का वक्त : राजनाथ

नवभारत न्यूज़

**इंदौर,27 अगस्त. भविष्य के युद्ध मात्र हथियारों की लड़ाई से नहीं होंगे; बल्कि वे तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिला-जुला रूप होंगे. इससे हमारा राष्ट्र प्रौद्योगिकी, रणनीति एवं अनुकूलनशीलता के त्रिकोण में निपुण होगा और वह समृद्ध वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा. यह इतिहास से सीखने और नया इतिहास लिखने का वक्त है; यह भविष्य का अनुमान लगाने तथा उसे आकार देने का समय है.**





यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही. रक्षा मंत्री डॉ. आंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध, संघर्ष और युद्ध लड़ने की कला पर आयोजित अपनी तरह के पहले त्रि-सेवा सम्मेलन रण संवाद को संबोधित कर रहे थे.उन्होंने आधुनिक समय में युद्ध की बढ़ती जटिलताओं और अप्रत्याशितता के पीछे प्रौद्योगिकी एवं आश्चर्य के सम्मिश्रण को मुख्य कारण बताते हुए नए नवाचारों तथा अप्रत्याशित चुनौतियों के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया है. उन्होंने मौजूदा प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करने की भी आवश्यकता जताई है ताकि समय के साथ आगे रहते हुए चला जा सके.

इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह, पूर्व वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश, विदेशी रक्षा अताशे, विद्वान एवं विचारक, शिक्षाविद तथा रक्षा उद्योग जगत से जुड़े लोग व रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और कई पूर्व सैनिक उपस्थित थे.

## दो न्यायाधीशों की हुई नियुक्ति

### आलोक अराधे और विपुल मनुभाई पंचोली सुको के बने जज

**नयी दिल्ली, 27 अगस्त ( वार्ता ). राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है.**



केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम की सिफारिश के आधार पर उच्चतम न्यायालय में दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति की है.न्यायमूर्ति अराधे का जन्म 13 अप्रैल 1964 को हुआ. उन्होंने 12 जुलाई 1988 को अधिवक्ता के रूप में नामांकन कराया और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर में प्रैक्टिस शुरू की. उनका न्यायिक करियर के शुरुआत 2009 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त के साथ हुआ था. उन्हें 2011 में स्थायी न्यायाधीश बनाया गया था. उन्हें 2016 में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया और 2018 में तीन महीने के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया.

## गुस्ताखी माफ

